Need to take steps to protect the brass industry in the country especially in Bindki tehsil of Fatehpur district, Uttar Pradesh.

डॉ. अशोक पटेल (फतेहपुर): अध्यक्ष महोदय, फतेहपुर में तहसील बिंदगी पीतल के कलसों के उद्योग के लिए बहुत प्रसिद्ध है। आज इस उद्योग की स्थिति बहुत दयनीय है। इस उद्योग को आज सरकारी संरक्षण की भारी आवश्यकता है। लोगों को कलसा बनाने के लिए कच्चा माल उपलब्ध नहीं है। यदि बहुत उंची कीमत पर कच्चा माल उपलब्ध भी हो जाता है, तो भी उसकी किस्म उच्च स्तर की नहीं होती है। सरकार ने कच्चे माल पर भारी कर लगा दिया है। सरकार को करों में छूट देनी चाहिए ताकि इस उद्योग का विकास किया जा सके। इस उद्योग के विकास के लिए सरकारी संरक्षण की आवश्यकता है। सरकार को इस उद्योग को बनाए रखने के लिए यथाशीघ्र कदम उठाने चाहिए। पहले बिंदगी रोड पर आउट एजेंसी होती थी जहां से माल बुक हो जाता था, लेकिन अब आउट एजेंसी खत्म होने से व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अत: सरकार से अनुरोध है कि आउट एजेन्सी की यथाशीघ्र व्यवस्था की जाए जिससे माल बुक करवाने में व्यापारियों को आसानी हो सके।